तापमान

अधिकतम 23 डिग्री

न्यूनतम 11 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 15 दिसंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]



4 साइबर अपराधों को लेकर जागरुक रहें लोग




## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में समिति की बैठक

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में जिला विकास एवं सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री एवं अनूपपुर जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि यह समिति जिले के विकास को नया आयाम देगी। समिति जिले के विकास के लिए दीर्घकालीन योजना तैयार करने के साथ समस्याओं को हल करने पर भी विचार मंथन करेगी। समिति के सदस्य सही तथ्यों के साथ अपनी बात रखें। बैठक में जिले के विकास से जुड़ी समस्याएं बताने के साथ-साथ उसे हल करने का सुझाव भी दें। प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज सरकार के दो वर्ष पूरे हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। इन दो वर्षों में अनूपपुर जिले और प्रदेश को विकास की कई सौगातें मिली हैं। इसके लिए मुख्यमंत्री बधाई देते हैं।

### जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला संपन्न



**बैकुण्ठपुर।** पशु चिकित्सा विभाग द्वारा जिला स्तरीय पशु प्रदर्शनी मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि एवं छग गौ सेवा आयोग के जिला समिति कोरिया के अध्यक्ष रेवा यादव रहे। वहीं जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े, विधायक के निज सहायक दिनेश राजवाड़े, ग्राम कसरा के सरपंच, भाजपा नेता उत्तम साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। मेले में पशु विभाग की उपसंचालक श्रीमती विभा सिंह सहित विभागीय अधिकारी, पशु चिकित्सक, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में गौ पालक मौजूद रहे। इस दौरान उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रदर्शनी लगाई गई तथा पशुपालन से संबंधित जानकारियां दी गईं।

### सम्मान समारोह का आयोजन 17 को



**बैकुण्ठपुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन का जिला स्तरीय बैठक सेजेस बैकुंठपुर में आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से संगठन के सदस्यता को पूर्ण करने की जिम्मेदारी दी गई। 17 दिसंबर को एलबी संवर्ग के व्याख्याता के ई टी संवर्ग प्राचार्य के अभिनंदन समारोह आयोजन का निर्णय लिया गया, साथ ही एलबी संवर्ग से सेवानिवृत्त शिक्षको का भी सम्मान होना है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी, प्रांतीय सह संगठन सचिव अशोक लाल कुर्रे, जिला सचिव महेश शिवहरे, जिला पदाधिकारी रविन्द्र सिंह, लाल मोहम्मद अंसारी, बीपी सिंह, सुशील जायसवाल, चेतनारायण कश्यप, राजू मंडल, आश्रित तिर्की, सुजीत गुप्ता, अमोद कुजूर, योगेन्द्र पटेल, दिनेश जायसवाल, जितेन्द्र पैकरा, बीरेन्द्र सिंह आदि उपस्थिति रहे।

### बाल विवाह मुक्त छग पर कार्यशाला आज

**अम्बिकापुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु राज्य शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला 15 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उन्होंने सर्व संबंधितों को कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

### नपा ने शुरु कराया निर्माण कार्य, हरिभूमि ने चलाई थी मुहिम

# अब रियासतकालीन कुओं का बदलेगा स्वरुप



#### प्लास्टिक कचरे से भर गया था कुआं

वर्तमान में रामानुज विद्यालय के पास स्थित कुएं का मरमम्त कार्य किया जा रहा है, तब कुएं में बड़ी मात्रा में प्लास्टिक कचरा भरा मिला। इसमें काफी संख्या में पानी के बोतल निकाले गए, इसके अलावा उक्त कुएं में उग आए पौधों की जडे भी गहरी हो गई थी।

#### कभी कई घरों की बुझाता था प्यास

जानकारी के अनुसार शहर के रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित प्राचीन कुआं भले ही आज जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गया हो और इसकी ओर कोई झांकने भी नहीं आता, लेकिन एक दौर ऐसा भी था, जब उक्त कुआं कई घरों की प्यास बुझाता था। स्थानीय बुजुर्गो के अनसुार रामानुज विद्यालय का उक्त कुआं से स्कूलपारा के डब्बा क्वार्टर में रहने वाले लोगों के अन्य आस पास कई घरों के लिए पेयजल का मुख्य स्त्रोत था।

**बैकुण्ठपुर।** शहर के शासकीय आदर्श रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन जीर्ण-जीर्ण हो चुके कुएं का मरम्मत कार्य शुरू हो गया है। यह कार्य निश्चित रूप से इतिहास और विरासत को संजोने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो न केवल विद्यालय के ऐतिहासिक पहचान को बहाल करेंगी, बल्कि भावी पीढ़ियों को भी अतीत से जोड़ेगी। उल्लेखनीय है कि शासकीय आदर्श रामानुज हायर सेकेंडरी विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन कुआंके देख-रेख के अभाव में जीर्ण-शीर्ण हो गया था। कुएं के अस्तित्व को बचाने को लेकर पूर्व में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर का प्रकाशन किया था और अब जाकर नगर प्रशासन ने प्राचीन कुएं के अस्तित्व बचाने की दिशा में कार्य करना शुरू कर दिया है। उक्त विद्यालय परिसर स्थित कुआं न केवल एक जल स्त्रोत है, बल्कि इतिहास का जीवंत दस्तावेज है, जिसका मरम्मत कार्य चालू हो गया और जल्द ही प्राचीन धरोहर अपने पुराने स्वरूप से बदलकर नए रूप में अपनी शोभा बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है अब कुओं के अस्तित्व मिटते जा रहे हैं, ऐसे में नपा प्रशासन द्वारा प्राचीन कुएं का जीर्णोद्धार कर कुओ के मिटते अस्तित्व को बचाने की दिशा में सराहनीय कदम है। जानकारी के अनुसार शासकीय आदर्श रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित कुआं को कोरिया रियासत के राजा रामानुज प्रताप सिंहदेव द्वारा विद्यालय निर्माण के साथ ही कराया था। इस तरह कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के उक्त विद्यालय परिसर में स्थित कुआं का इतिहास रियासतकाल से जुड़ा है। उक्त धरोहर को संवारने की दिशा में नपा की पहल इतिहास के अस्तित्व को बचाने की दिशा में सराहनीय पहल है।



शुरू हुआ मरम्मत का कार्य।

**मरम्मत में लाखों होंगे खर्चः** रामानुज विद्यालय परिसर में स्थित रियासतकालीन प्राचीन कुआं के मरम्मत कर उसे नया लुक प्रदान किया जाएगा, इसके मरम्मत के लिए लाखों रुपए खर्च किए जाएंगे। कुएं के मरम्मत कार्य में मार्बल का उपयोग कर प्राचीन कुएं को आकर्षक स्वरूप प्रदान कया जाएगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्राचीन कुएं के मरम्मत के लिए 5 लाख रूपए का टेंडर हुआ है।

**सुरक्षित तरीके से होंगे संरक्षितः** शासकीय आदर्श रामानुज उमावि परिसर में स्थित प्राचीन कुआं की ओर बीते कई वर्षो से ध्यान नहीं दिया जा रहा था, इसके चलते प्राचीन कुआं जीर्ण-शीर्ण हालत में पहुंच गया था। इस कारण कुएं का उपयोग नहीं हो रहा था, लेकिन अब मरम्मत कार्य हो जाने के बाद कुएं के जल स्त्रोत का उपयोग हो सकेगा। जानकारी के अनुसार कुएं के उपरी हिस्से को पूरी तरह से सुरक्षित किया जाएगा जिससे कि कोई भी गंदगी कुएं में नहीं कर पाएगा।



घटनास्थल पर लगी भीड़।

# लॉज संचालक से मारपीट, एक गिरफ्तार

■ जनकपुर थाने का मामला

**बैकुंठपुर।** एमसीबी जिले के जनकपुर में एक दर्जन से अधिक लोगों ने एक लॉज के अंदर घुसकर लॉज संचालक से गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। घटना के दौरान शोरगुल सुनकर जनकपुर के कई लोग पहुंच गए। इस दौरान आरोपीगण भाग निकले, लेकिन इस दौरान भीड़ ने एक आरोपी को पकड़ लिया। मामले की शिकायत पुलिस में की गई, इस पर पुलिस ने आरोपी अरूण मिश्रा व उसके अन्य साथियों के विरूद्ध धारा 333, 296, 351 (3),115 2,3 (5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया। घटना शुक्रवार 12 दिसंबर की शाम 6:45 बजे की है, जब जनकपुर निवासी शिकायतकर्ता अंकुर प्रताप सिंह पिता अरविंद कुमार सिंह अपने लॉज के काउंटर में थे, इसी दौरान आरोपी अरूण मिश्रा तथा उनके अन्य करीब 15 साथी निवासी रीवा मप्र के साथ आए और लॉज के अंदर जबरन घुसने की कोशिश की। इस दौरान लॉज संचालक अंकुर प्रताप सिंह उन्हें मना किया, तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लॉज संचालक से मारपीट करना शुरू कर दिया और लॉज में हंगाम सुनकर अन्य लोग मौके पर काफी संख्या में जुट गए ,तब आरोपीगण वाहन सहित भागने लगे। इस दौरान मुख्य आरोपी अरूण मिश्रा को भीड़ ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार आरोपीगण जनकपुर के वाटिका हॉटल में रूके थे। इस घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में जनकपुर के लोग थाने में पहुंच कर आरोपियों केवरूद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की।

#### रेत माफिया से जुड़ा नेटवर्क की खबर

बताया जाता है कि घटना में शामिल मुख्य आरोपी रेत कारोबार से जुड़ा है और जनकपुर क्षेत्र की प्रमुख नदियों से अवैध तरीके से रेत का उत्खनन कर मप्र के रीवा सहित अन्य क्षेत्रों में ले जाया जाता है। संभवतः इसी से जुड़ा मामला हो सकता है, इसके कारण आरोपियों के द्वारा प्रार्थी लॉज संचालक अंकुर प्रताप सिंह से मारपीट किए। फिलहाल जनकपुर पुलिस मामले में अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच में जुट गई है और फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# हत्या का आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले के थाना केल्हारी क्षेत्र अंतर्गत हुए एक जघन्य हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 12 दिसंबर को ग्राम बिरौरीडांड निवासी बीना बियार उम्र 40 वर्ष पति बजरंगी बियार थाना केल्हारी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

प्रार्थिया ने बताया कि 11 दिसंबर को वह बड़की सुमित्रा के साथ अपने खाते से 1000 रूपए निकालकर मुर्गा लेकर घर लौटी थी। इसके बाद पति बजरंगी बियार के साथ आग के पास बैठकर तीनों ने शराब एवं मुर्गा का सेवन किया। इसी दौरान उनका पुत्र सतीश बियार अपने पिता से विवाद करने लगा और रूपए खर्च करने को लेकर उलाहना देने लगा। विवाद बढ़ने पर सतीश बियार तथा उसका साला श्याम लाल मौके पर पहुंचे और लकड़ी व जलती हुई लुआठी से बजरंगी बियार के सिर पर गंभीर हमला कर दिया। हमले में बजरंगी बियार की मौके पर ही मौत हो गई। आरोपियों ने बीच-बचाव करने आई प्रार्थिया बीना बियार के साथ भी मारपीट कर उसे घायल कर दिया और फरार हो गए। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना केल्हारी में अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103, 115 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह एवं एसडीओपी मनेन्द्रगढ़ अलेक्सियुस टोप्पो के मार्गदर्शन में साइबर सेल प्रभारी एवं थाना केल्हारी पुलिस की संयुक्त टीम गठित की गई।

टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फरार आरोपियों की पतासाजी की और मुख्य आरोपी सतीश बियार को 24 घंटे के भीतर ग्राम सिंघोर थाना सोनहत कोरिया से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले, थाना प्रभारी केल्हारी उप निरीक्षक टिकेश्वर यादव, हेड कांस्टेबल ललित यादव, विनोद खलखो, आर. मदन राजवाड़े, दीप नारायण तिवारी, सुरेश तिग्गा, मुरारी सिंह, भूपेन्द्र यादव, राकेश तिवारी एवं तेजप्रताप शामिल रहे।

### दो दुकानों से 1010 बोरी अवैध धान जब्त

**अम्बिकापुर।** अधिकारियों ने सूरजपुर जिला में दो व्यवसाइयों द्वारा दुकान एवं गोदाम में संग्रहित 1010 बोरी अवैध धान को जब्त कर सुपुर्दगी में सौपा है। सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से कोचियों द्वारा भारी मात्रा में अवैध धान का संग्रहण किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी कोचियों द्वारा संग्रहित धान को जब्त कर रहे हैं। शनिवार को अधिकारियों ने ग्राम डबरी निवासी अजय कुमार साहू की दुकान से 270 बोरी धान जब्त किया। इसी तरह अधिकारियों ने ग्राम गंगोरी निवासी शिवबरन की दुकान व गोदाम से 740 बोरी अवैध धान जब्त किया। जब्त धान को व्यवसाइयों को सुपुर्द किया गया है

### असुरक्षित दौड़ती बाइक...



**बैकुण्ठपुर।** शहर की सड़कों पर बाइक में असुरक्षित तरीके से सामान लोड कर सरपट दौड़ते बाइक चालकों के कारण दुर्घटना होने की आशंका रहती है, इस पर अंकुश लगाने की जरूरत है।

### कलेक्टर कार्यालय के पास निकला अजगर

**बलरामपुर।** शनिवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय से आगे और शासकीय महाविद्यालय के समीप सड़क किनारे अजगर सांप निकलने से हड़कंप मच गया। अजगर के सड़क पर नजर आने से सांप को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। अजगर को देखकर के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी लेकिन वन विभाग मौके पर घर तो नहीं पहुंचा। सूचना के बाद भी वनकर्मियों के नहीं आने से लोगों में नाराजगी भी थी। स्थानीय सांप पकड़ने वाले युवाओं ने मौके पर पहुंचकर सुरक्षित तरीके से सांप को पकड़ा और बोरी में भरकर जंगल में छोड़ा जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

# आवारा कुत्तों के टीकाकरण अभियान पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



शिवपुर-चरचा नगर पालिका क्षेत्र में आवारा कुत्तों के वैक्सीनेशन को लेकर चलाया जा रहा विशेष अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। बुधवार से प्रारंभ हुए इस अभियान को नगर पालिका अधिकारी वशिष्ठ कुमार ओझा के निर्देशानुसार तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल के नेतृत्व में व्यापक रूप से संचालित किया जा रहा है।

नगर पालिका की टीम शहर केक विभिन्न वार्डों में पहुंचकर आवारा कुत्तों का टीकाकरण कर रही है, जिससे कुत्तों के हमले, संभावित दुर्घटनाओं और संक्रमण की आशंकाओं को कम किया जा सके। हालांकि अभियान के बीच चरचा क्षेत्र के बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन के आसपास आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त क्षेत्र में काफी संख्या में आवारा कुत्ते जमा रहते हैं, जहां प्रतिदिन सैकड़ों यात्री, महिलाएं, बुजुर्ग और छोटे-छोटे बच्चे आवाजाही करते हैं, इसके बावजूद यहां अब तक टीकाकरण नहीं हो सका है। नगर पालिका के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों का कहना है कि बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन का यह इलाका ग्राम पंचायत की सीमा में आता है, इसलिए नगर पालिका द्वारा वहां टीकाकरण नहीं किया जा ⏭ शेष पेज 4 पर

# बहरासी में हाथी, रतजगा कर रहे भयभीत ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मनेन्द्रगढ़ वन मंडल अंतर्गत बीते कई दिनों 11 हाथियों का दल पहुंच कर उत्पात मचा रहा है, इससे प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीण भय के साए में रतजगा करने को मजबूर है। वन विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 14 दिसंबर को हाथियों का दल बहरासी वन परिक्षेत्र के केसोडा बड़वार के मध्य जंगल में विचरण करते देखे गए।

हाथियों के दल द्वारा इसके पूर्व रात्रि में कोटाडोल क्षेत्र के बरेल, ढाब ग्राम में गेहूं के फसल को नुकसान पहुंचाया, इसके अलावा कई किसानों के खलिहान में रखे गए धान को खाकर नुकसान पहुंचाया। हाथियों के दल ने ग्राम केसोड़ा में दो ग्रामीणों के केले के पौधे को उखाड़कर खा गए। इस क्षेत्र से निकलकर हाथियों का दल वन परिक्षेत्र बहरासी परिसर बड़वार में प्रवेश कर गए। हाथियों का दल 14 दिसंबर को कक्ष क्रमांक पी 1120, 1031,1032 में विचरण करते रहे। वन विभाग का अमला प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है और हाथियों के दल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने एवं किसी प्रकार का छेड़छाड़ नहीं करने की समझाईस दी जा रही है।



विचरण करते हाथी।

### आवागमन करने वाले लोगों को करना पड़ रहा परेशानियों का सामना

# खुली नाली और धंसी, मंडरा रहा हादसे का खतरा, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 4 शंकरू उड़िया के घर पास में वर्षो पुरानी नाली का स्लैब टूट जाने से क्षेत्र में लगातार दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। यह इलाका एसईसीएल कर्मचारियों एवं गैर-कर्मचारियों की रिहायशी कॉलोनी है, जहां नाली टूटकर दिन-प्रतिदिन और गहरी होती जा रही है। इस कारण आवागमन करने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार अब तक कई बच्चे, महिलाएं एवं बुजुर्ग इस खुली नाली में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर नगर पालिका और एसईसीएल प्रबंधन को कई बार लिखित व मौखिक शिकायतें दी जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। हालात ऐसे हैं कि न तो एसईसीएल इस ओर ध्यान दे रहा है और न ही नगर पालिका गंभीर नजर आ रही है। नगर के इस रिहायशी क्षेत्र में सड़क किनारे बनी खुली नाली और धंसी हुई सड़क आम नागरिकों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। मौके की तस्वीरों में साफ दिखाई देता है कि सड़क का बड़ा हिस्सा टूट चुका है, नाली पूरी तरह खुली है और उसमें कचरा भरा हुआ है। किसी भी प्रकार की बैरिकेडिंग या चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस मार्ग से प्रतिदिन दर्जनों दुपहिया वाहन, स्कूली बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग गुजरते हैं। रात के समय या बारिश के दौरान यह गड्ढ़ा दिखाई नहीं देता, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका और बढ़ जाती है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि बार-बार शिकायत के बावजूद नगर पालिका द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिए गए, जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं हुआ। सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आसपास के घरों तक पहुंचना भी कठिन हो गया है। वहीं खुली नाली में जमा गंदगी से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि क्या नगर पालिका और संबंधित विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं। नागरिकों की मांग है कि तत्काल प्रभाव से नाली को ढकने, सड़क की मरम्मत कराने और सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग व चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। लोगों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया तो किसी भी बड़ी दुर्घटना की पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभागों की होगी।


जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में मिनी स्पोर्ट्स प्रतियोगिता



**अंबिकापुर।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में अंबिकापुर संकुल के तत्वावधान में मिनी स्पोर्ट्स मीट एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक चली इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुमित कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलन एवं स्वागत उद्बोधन से किया। स्कूल में विभिन्न खेल प्रतियोगिता खो-खो, 100 व 200 मीटर दौड़, बॉल थ्रो, लेमन रेस तथा रिले रेस की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने मनमोहक ग्रुप डांस एवं ग्रुप सॉन्ग प्रस्तुत किए। जिनका मूल्यांकन निर्णायक मंडल डॉ. मनक टंडन, बुद्धदेव सिंह, श्याम एवं रंजीत सारथी ने किया। कार्यक्रम के समापन पर पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गईं। इस अवसर पर अंबिकापुर संकुल के सभी प्राचार्य, शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

### भटगांव में जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की बैठक




**सोनगरा।** नगर पंचायत भटगांव के शांति पारा जिला स्तरीय शिव शिष्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शिव गुरु कार्य को नई गति देना, संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करना तथा उन क्षेत्रों में पुनः सक्रियता लाना रहा, जहां किसी कारणवश साप्ताहिक शिव गुरु चर्चा बंद पड़ी हुई है। बैठक में शिव गुरु कार्य की वर्तमान स्थिति पर गहन मंथन किया गया और सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक माह जिले के कम से कम तीन ऐसे स्थानों पर नियमित शिव गुरु चर्चा पुनः प्रारंभ की जाएगी। समिति ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय केवल कार्यक्रम आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, सकारात्मक सोच एवं संगठनात्मक एकता को पुनः सशक्त करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बैठक में जिला शिव शिष्य समिति के अध्यक्ष चंद्रिका कुशवाहा, उपाध्यक्ष रामशरण राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जानकी राम राजवाड़े, सचिव अजय कुमार साहू, लखन ठाकुर, वकील प्रसाद चौधरी, अनु सिंह, कलेश्वरी सिंह, सुमित्रा राजवाड़े, गोपाल देवांगन, दीप राजवाड़े, मनीष सिंह, सुनीता प्रजापति, अमृत प्रजापति, मंगल साय प्रजापति, जोखन राम सांडिल, सीता रजक, गोपी, सुरेंद्र सोनी, शाहिद सहित बड़ी संख्या में शिव शिष्य के सदस्य उपस्थित रहे।

### शिकायतों और समस्याओं के निराकरण हेतु एसएसपी ने गठित किया हेल्प डेस्क समिति

**सूरजपुर।** पुलिस आरक्षक भर्ती वर्ष 2023-24 अन्तर्गत जारी भर्ती परिणामों से संबंधित शिकायतों और समस्याओं के निराकरण हेतु इकाई स्तर पर एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में दर्शित अनुसार हेल्प डेस्क समिति गठित की गई है जिसमें नोडल अधिकारी डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप को बनाया गया साथ ही इनके सहायतार्थ उप निरीक्षक महेश पैंकरा, अखिलेश सिंह स्थापना प्रभारी रहेंगे। हेल्प डेस्क का प्रथम शिफ्ट सुबह 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक का रहेगा जिसमें प्रधान आरक्षक नृपेन्द्र सिंह व आरक्षक नितिन साहू जिला विशेष शाखा तैनात रहेंगे। वहीं द्वितीय शिफ्ट दोपहर 3 बजे से सायं 5.30 बजे तक रहेगा जिसमें प्रधान आरक्षक हरिशंकर यादव व आरक्षक अनीश तिवारी जिला विशेष शाखा तैनात रहेंगे। हेल्प डेस्क जिला पुलिस कार्यालय में दोनों शिफ्टों में तत्संबंधी शिकायतें प्राप्त कर नोडल अधिकारी के माध्यम से भर्ती समिति से जानकारी प्राप्त कर अधोहस्ताक्षरकर्ता से अनुमोदन उपरान्त आवेदक को जानकारी उपलब्ध कराएगी।

### सम्बलपुर के हीराडबरी में पशु मेला प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन



बिश्रामपुर। पशुधन विकास विभाग द्वारा बीते गुरुवार को ग्राम संबलपुर के हीराडबरी में पशु मेला,प्रदर्शनी प्रतियोगिता एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,मेले में विभिन्न प्रजाति के पशुओं का प्रदर्शन किया गया, गौवंशीय में हॉलीस्टीयन फ्रीजियन, जर्सी, साहीवाल, गिर, भैंसवंशीय में मुर्रा भैंसा, बकरी में सिरोही, जमुनापारी इत्यादि नस्ल का प्रदर्शन किया गया। पशु प्रतियोगिता में झम्मन सिंह ग्राम हीराडबरी की होलीस्ट्रीयन ब्रीड की गाय प्रतियोगिता में प्रथम रही, हॉलीसट्रियन नस्ल की गाय लोगों के बीच में आकर्षण का केंद्र भी थी, वहीं बकरी-बकरा वर्ग में ग्राम लटोरी से सिरोही नस्ल की बकरी का प्रदर्शन किया गया था, जिसका वजन लगभग 40 से 45 किलोग्राम का रहा, जो अपने वर्ग में प्रथम रहा,साथ ही मेले के माध्यम से पशुपालकों को नस्ल संवर्धन जैसे सेक्स शॉर्टेड सीमेन के बारे में बताया गया,जिसमें 90 प्रतिशत बछिया होने की संभावना होती है,कार्यक्रम में चारा प्रसंस्करण से संबंधित पैरा यूरिया उपचार के बारे में बताया गया, यहां पर यह भी बताया गया कि उपचार करने से पैरे की पौष्टिकता बढ़ती है व पैरा नरम, स्वादिष्ट और प्रोटीन से भरपूर बन जाता है।

## पूरे दिन चली पश्चिमोत्तर की हवाएं

# मैनपाट में तेजी से गिर रहा पारा, इस साल पहली बार पारा पहुंचा 3.6 डिग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ विक्षोभ की सक्रियता से दो दिन मिलेगी राहत

पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं के प्रभाव से पारा में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। शनिवार को पहली बार छत्तीसगढ़ के शिमला मैनपाट का तापमान 3.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

सरगुजा में पिछले आठ दिनों से शीतलहर चल रही है संभाग मुख्यालय अम्बिकापुर का पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस के निकट रह रहा है तथा तापमान लगातार सामान्य से 4.5 डिग्री के नीचे रह रहा है। शहरी क्षेत्रों की तुलना में पठारी क्षेत्रों में शीतलहर का प्रभाव अधिक पड़ रहा है इन क्षेत्रों में सुबह ओस की बूंदें जमकर बर्फ में बदल जा रही है ठंड के लिहाज से सरगुजा संभाग छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक शुष्क इलाका बना हुआ है। शुष्क हवाओं के प्रभाव से इसके पूर्व मैनपाट का पारा 4 से 5.4 डिग्री सेल्सियस के मध्य रह रहा था लेकिन शुक्रवार को देर शाम तक चली सर्द हवाओं के प्रभाव से शनिवार को पहली बार न्यूनतम पारा 3.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। पारा में तेज गिरावट होने के बावजूद शनिवार को क्षेत्र में पाला का प्रभाव देखने को नहीं मिला। अधिकारियों का कहना है कि देर शाम तक पश्चिमोत्तर की हवाएं चलने के कारण इस तरह का बदलाव देखने को मिला है। मैनपाट में शाम 3 बजते ही खुले में रहना मुश्किल हो जा रहा है तथा दिन में भी ठंड से राहत के लिए लोगों को अलाव जलाना पड़ रहा है। ठंड से बचने लोग धूप निकलने के बाद ही अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं तथा शाम तीन बजते ही घर पहुंच जा रहे है। ठंड का यही हाल रहा तो भविष्य में आलू व टाऊ की फसल पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है।



अलाव तापते लोग।

**सक्रिय हुआ पछुआ विक्षोभ**

मौसम अधिकारियों के अनुसार उत्तर भारत में शनिवार को एक कमजोर पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुआ है। मौसम विज्ञानी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी हिमालय क्षेत्र में बादलों की आवाजाही बढ़ने एवं छिटपुट वर्षा होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। उत्तर भारत में बादलों की आवाजाही बढ़ने से सर्द हवाओं के प्रभाव में कमी आने के साथ ही न्यूनतम पारा में एक से दो डिग्री तक की वृद्धि होने की संभावना है मौसम विज्ञानी अक्षय मोहन भट्ट ने बताया कि विक्षोभ कमजोर होने के कारण ठंड से अधिक राहत मिलने की संभावना नहीं है। दो दिन बाद विक्षोभ के कमजोर पड़ने पर फिर से पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं का प्रवाह शुरू होते ही फिर पारा 5.0 डिग्री सेल्सियस के निकट पहुंच सकता है।

**2-3 दिन रहेगी राहत**

उत्तर भारत में सक्रिय पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से आगामी दो-तीन दिनों तक ठंड से कुछ राहत मिलने के आसार है। हालांकि विक्षोभ विक्षोभ इतना अधिक ताकतवर नहीं है कि उसका प्रभाव सरगुजा तक पहुंच सके। इस दौरान पारा में अधिकतम 2 डिग्री तक वृद्धि होने की संभावना है। विक्षोभ के कमजोर पड़ते ही फिर से सर्द हवाओं का प्रवाह शुरू होगा तथा पारा पूर्व की स्थिति में पहुंच जाएगा।

**सक्रिय है विक्षोभ**

उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ सक्रिय है जिसके प्रभाव से तापमान में वृद्धि होने की संभावना है।

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी



## बाबा श्याम के भजनों की अमृत वर्षा से गुंजायमान होगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

■ श्याम सेवा समिति तैयारियों में जुटी, रंगमंच प्रांगण में होगी भजन संध्या

श्याम सेवा समिति द्वारा श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन 2 जनवरी को रंगमंच के विशाल डोम में भव्य आयोजन के रूप में किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर समिति द्वारा भव्य स्वरूप प्रदान करने के साथ श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य आयोजन में श्याम गुणगान में शीतल पाण्डेय दिल्ली, पूजा नथानी कलकत्ता तथा अमोल-शुभम की जोड़ी कलकत्ता विशेष रूप से बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। श्याम संकीर्तन महोत्सव के द्वितीय संस्करण में रंगमंच मैदान में नगर पालिका के टेनसाईल डोम के नीचे बाबा के खजाना के रूप में एक ड्रा का आयोजन गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी किया गया है। जिसमें बाबा के खजाने के रूप में 100 से ऊपर पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। दो कार, 9 मोटरसाइकिल व स्कूटी तथा छह इलेक्ट्रिक स्कूटी व सांत्वना पुरस्कार श्याम प्रेमियों के लिए निकाले जाएंगे। साथ ही बाबा का अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा व श्याम रसोई के साथ बाबा के महोत्सव को लेकर अभी से ही वातावरण धार्मिक हो गया है। आयोजन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बाबा के दरबार को विशेष रूप से फूलों से सजाने के लिए दरबार सेवकों को आमंत्रित किया गया है, जो बाबा का आकर्षक दरबार बनायेंगे। ख्याति प्राप्त भजन गायकों के द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजन की तैयारियों को लेकर पप्पल अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, दिनेश बंसल, मनीष अग्रवाल, अमित रोहिल्ला, पवन अग्रवाल, रोहित गर्ग, रुपेश मित्तल, रवि अग्रवाल, राकेश बंसल, प्रियांशु जैन, सचिन अग्रवाल, राहुल पांडेय, रवि पांडेय, विक्की, सुमित रोहिल्ला, प्रियांश मित्तल, सचिन अग्रवाल, अंश मित्तल, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल व श्याम सेवा समिति के सदस्य सहित नगर के श्याम प्रेमी सक्रिय हैं।

## निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने किया कवि सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

निश्छल सरगुजिहा साहित्य समिति ने भारतेंदु भवन में डीईओ डॉ.दिनेश झा, डॉ.उमेश पाण्डेय, बीडी लाल और राजभाषा आयोग के समन्वयक राजेश तिवारी के आतिथ्य एवं साहित्यकार एसपी जायसवाल की अध्यक्षता में कपि सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन गीतकार पूनम दुबे वीणा की सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ।

अतिथियों ने कवि एसपी जायसवाल रचित हिन्दी काव्य-संग्रह काव्यांजलि और श्रीमद्भागवत गीता के सरगुजिहा अनुवाद ग्रंथ का लोकार्पण किया। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. झा ने कहा कि सरगुजा अंचल में जो पुस्तकें हिन्दी में नहीं मिल पाती है, उनको श्री जायसवाल सरगुजिहा में उपलब्ध करा रहे है। इनके द्वारा सरगुजिहा रामायण, हनुमान चालीसा, सीता दाई



महाकाव्य, राधारानी, वाल्मीकि रामायण कथासार तथा हिन्दी और सरगुजिहा में अनेक पुस्तकें लिखी गई है। राजनारायण द्विवेदी ने उनकी रचना की जमकर तारीफ की। कवि सम्मेलन में पं.रामनारायण शर्मा ने 10 दिसंबर का प्रभात था शहीद वीर नारायण को हमने खोया, श्यामबिहारी पाण्डेय ने जिंदगी है सरल, मत कठिन कीजिए, समिति के सचिव मुकुंदलाल साहू ने मैं सरगुजिहा ठंड की करूं आज क्या बात, माधुरी जायसवाल ने सहमी-सहमी भोर नहीं हूं, कोमल कच्ची डोर नहीं हूं, आशा पाण्डेय ने दबा राज तुमको बताना नहीं है, सहे दर्द कितने ठिकाना नहीं है, लगी बात मुझको बुरी तो बहुत है, मगर ये तुम्हे जताना नहीं है। शायरा शिरीन खान की शायरी में तन्हाई का दर्द छलक पड़ा, एसजी जायसवाल ने दिल के द्वार पर दीप जलाये बैठे है, बीडी लाल ने मेंहर एकर सेती माते कि खांटी सरगुजिहा हंव रचना प्रस्तुत की। सीमा तिवारी ने वतन की आन-बान-शान पे न आंच आने दूंगी, विजय सिंह दमाली ने जल, जंगल अउ जमीन हमर-आन-बान, प्रकाश कश्यप ने धरम-करम कर नाव ले झिन झगरा अब यार, संतोष सरल ने करम कर डार नोनी सरना कर पूजा, नीलिमा जायसवाल ने नफरत की दीवार तोड़ो, सबसे प्रेम करो, और देश को जोड़ो, अंजू पाण्डेय ने बहा दो प्रेम की धार, सुखद परिवेश हो जाए, पूनम दुबे वीणा ने चला संगी रे घूमे जाबो सुध्घर मैनपाट के देखे जाबो ना कविता सुनाई।

## कृष्ण बने अग्रवाल समाज के अध्यक्ष, 58 मतों से जीत दर्ज की

**सीतापुर।** अग्रसेन भवन में हुए अग्रवाल समाज के अध्यक्ष के चुनाव में कृष्ण कुमार अग्रवाल ने एकतरफा जीत हासिल की। उन्होंने अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी अजय अग्रवाल को बड़े अंतर से हराते हुए ये जीत दर्ज की।

गौरतलब है कि अग्रवाल समाज के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल का कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष का चुनाव संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं अजय अग्रवाल के बीच सीधा मुकाबला था। अग्रसेन भवन में आयोजित चुनाव में कुल 141 में से 135 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया जिसमे 96 मत कृष्ण कुमार अग्रवाल के पक्ष में पड़े वही 38 मत अजय अग्रवाल को मिला एक मत निरस्त हुआ। सौहार्दपूर्ण माहौल में हुए इस चुनाव में कृष्ण कुमार अग्रवाल ने अजय अग्रवाल को 58 मतों से पराजित करते हुए जीत हासिल की। कृष्ण कुमार अग्रवाल के जीतते ही



समर्थकों ने जमकर आतिशबाजी की और मुंह मीठा कराते हुए एक दूसरे को जीत की बधाइयां दी। वहीं इस जीत से उत्साहित कृष्ण कुमार अग्रवाल ने कहा कि वो अपने समाज के साथ मिलकर पूरे उत्साह के साथ अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करेंगे। इस दौरान अग्रवाल समाज के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद थे।

## नेता प्रतिपक्ष दास महंत के जन्मदिन पर मरीजों को किया गया फल वितरण

**सूरजपुर।** ब्लॉक मुख्यालय रामानुजनगर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत का 70वां जन्मदिन के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामानुजनगर में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं छात्रावास में बच्चों के साथ केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता इस्माईल खान, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कांग्रेस महेंद्र साहू, विजय सिंह, संतवत सिंह, अखिलेश ठाकुर, आशिक खान, तुसार कुमार, वगीसा देवांगन, संतोष साहू, अविनाश साहू, इंद्रपाल यादव, फिरोज खान, संतोष देवांगन, दीप कुमार सोनवानी, देव सिंह, गुलाम खान, नारायण सिंह एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थिति थे।



## गायत्री खदान से कोयले की दर्जनों बोरियां जब्त

■ चोरी की नीयत से घुसे थे बदमाश

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री खदान में सक्रिय कोयला चोर शनिवार को बड़ी संख्या में खदान के भीतर घुसे,यहाँ पर स्टॉक में रखे कोयला को दर्जनों बोरी में बाँधकर ले जाने की फिराक में थे,लेकिन समय रहते सुरक्षा विभाग की तत्परता व सक्रियता से कोयला चोरी की वारदात होने से पहले ही नाकाम कर दी गई,कोयला चुराकर बाँधने की सूचना मिलने पश्चात क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर सुरक्षा दल को गायत्री खदान स्थित घटनास्थल की तरफ रवाना किया गया,सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंचकर खदान परिसर में फैले चोरी किए गए कोयले के बोरे को जब्त कर उसे सुरक्षित रूप से स्टॉक यार्ड में जमा करा दिया है,बताया गया कि सुरक्षा टीम के पहुंचने की भनक लगते ही



कोयला चोर मौके से फरार हो गए,गौरतलब है कि गायत्री खदान में स्थानीय स्तर पर कोयला चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं, जिससे प्रबंधन और सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ी हुई है,प्राप्त जानकारी अनुसार खदान के आसपास संगठित कोयला चोर गिरोह सक्रिय हैं, जो रात के अंधेरे के अलावा दिन दहाड़े भी मौके की तलाश में रहते हैं,यह गिरोह न सिर्फ खदान से कोयला चोरी करता है, निरंतर हो रही कोयला चोरी से एसईसीएल को हर महीने लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है,साथ ही अवैध खनन और चोरी से खदान की सुरक्षा,पर्यावरण और श्रमिकों की जान पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है,श्रमिक संगठनों ने मांग की है कि गायत्री खदान और आसपास के क्षेत्रों में स्थायी सुरक्षा चौकियां बनाई जाएं, सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए और नियमित पेट्रोलिंग की जाए,साथ ही पुलिस और प्रशासन के साथ संयुक्त अभियान चलाकर कोयला चोरी में शामिल लोगों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## सीएमएचओ ने अजबनगर हेल्थ सेक्टर की समीक्षा बैठक ली

**बिश्रामपुर।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजबनगर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपिलदेव पैकरा द्वारा सेक्टर समीक्षा की बैठक ली,बैठक के दौरान सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों की विस्तार से समीक्षा की गई।

जिसमें संस्थागत प्रसव, यूविन पोर्टल एंट्री,आरसीएच,70 प्लस वय वंदन महाअभियान, आधार बेस अटेंडेंस, कुष्ठ सघन जांच, टीबी, शत प्रतिशत टीकाकरण करने, मुख्यालय निवास एवं अन्य विषयों पर बिंदुवार समीक्षा की गई, बैठक में सेक्टर सुपरवाइजर सहित सभी एचडब्लूसी अजबनगर, आमगांव, सिलफिली, सोनवाही और पहाड़गांव के आरएचओ एवं सेकंड एएनएम के अलावा सभी कर्मचारी उपस्थित रहे,बैठक पश्चात पण्डोनगर व अजबनगर का भ्रमण कर आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोगों से मिलकर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक सूरजपुर डीपीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत डी ग्रेट शालाओं का किया गया निरीक्षण

**प्रतापपुर।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान डी ग्रेट शालाओं का निरीक्षण करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मानती योगेंद्र सिंह व निरीक्षक कार्य में समन्वय शिक्षक उज्जैन यादव, मो.नईम अंसारी, शासकीय माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर व शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में स्कूलो में पानी की उत्तम व्यवस्था शौचालय साफ सुथरा, किचन सेड सही पाया गया। स्कूल में डस्टबिन की व्यवस्था, खेल का मैदान, तंबाकू निषेध बोर्ड लगा हुआ मिला। शालाओ में पुस्तकालय उपलब्ध स्कूल में विधयाजली पोर्टल उपलब्ध, शाला त्यागी बच्चों का स्कूलों में नामांकन, विद्यालय में औषधि वाटिका, हरियाली शाला, मध्यान्ह भोजन प्रतिदिन कराया जाता है पाया गया। इस दौरान नेवता भोज का आयोजन माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर व शासकीय माध्यमिक शाला गोटगावां में किया गया। साथ ही शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव व शासकीय माध्यमिक शाला बालक बाबापारा प्रतापपुर के छात्र-छात्राओं ने कविता, पहाड़ा, बूझो तो जाने, एकल गीत, समूह गीत सुनाये। इस दौरान माध्यमिक शाला बालक बाबापारा के प्रधान पाठक अंजू त्रिपाठी ,मोहम्मद नईम अंसारी जन शिक्षक, मुक्ता गुप्ता व शासकीय मिडिल स्कूल गोटगांव के प्रधान पाठक सुचिता मेहता, रंभा जायसवाल, संगीता मंडल, निर्मल ज्योति जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, स्कूल की सहायिका, छात्र छात्राएं व पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह व अन्य उपस्थित रहे।



## जनजातीय गौरव महोत्सव का किया गया आयोजन

# जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाने कार्यशाला

**प्रेमनगर।** जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान विषय पर कार्यशाला और जनजातीय गौरव महोत्सव का भव्य आयोजन शासकीय नवीन कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष जगमोहन सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि पूर्णा जयसवाल, सांसद प्रतिनिधि प्रदीप कुमार साहू शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने की तथा कार्यक्रम के संयोजक हीरालाल सिंह रहे। मुख्य वक्ता के रूप में वनवासी कल्याण आश्रम के जिला संयोजक संत सिंह, जनपद अध्यक्ष स्वाति सिंह ने अपने विचार रखे। इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई उत्कृष्ट प्रदर्शनियां थीं जिन्होंने जनजातीय विरासत के विभिन्न पहलुओं को जीवंत किया। जनजातीय जन नायकों की प्रदर्शनी जिसमें भगवान बिरसा मुंडा, रानी दुर्गावती, और शहीद वीर नारायण सिंह जैसे महान जनजातीय महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को चित्रों और जानकारी के माध्यम से दर्शाया गया। विभिन्न अतिथियों ने अपने वक्तव्यों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और जनजातीय समाज के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि जगमोहन



सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि जनजातियों का अपना समृद्ध गौरवशाली इतिहास रहा है, जिसकी जानकारी युवाओं को होना आवश्यक है। महेंद्र कुमार यादव ने महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों और सीमित संसाधनों के बावजूद विद्यार्थियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के प्रयासों पर प्रकाश डाला। प्रशासनिक अधिकारी रेखा जायसवाल ने छत्तीसगढ़ के विशेष संदर्भ में जनजातीय समाज के समृद्धशाली ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक योगदानों को बताते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्षद वीरेंद्र जायसवाल, मिथिला बंजारे, रामध्यान सिंह, कंचन श्याम, मिथिला बंजारा, हरिशंकर पैकरा, डॉ. संजय कुमार वर्मा, डॉ. प्रियंका तिवारी, सोनाली किंडो, अन्नू सिंह राजपूत, मनबोध कुजूर, जयशंकर, शेषनन्दन टेकाम, अमित कुमार, पुनीत राजवाड़े, हीरालाल सिंह, सह संयोजक रविशंकर उर्रे सहित अन्य मौजूद थे।



## लौट रहा 'मास्टर शेफ इंडिया', रणवीर ने 'धुरंधर' स्टाइल में किया ऐलान...

**नई दिल्ली।** टीवी का सेलिब्रिटी कुकिंग शो मास्टर शेफ इंडिया लौट रहा है। इस लोकप्रिय शो के जज ने इसके नए सीजन का ऐलान किया। शेफ विकास खन्ना ने एक मजेदार पोस्ट के साथ शो के नए सीजन का ऐलान किया। उन्होंने मास्टर शेफ के किचन में कुणाल कपूर की वापसी की खुशखबरी भी शेयर की। विकास खन्ना कहते हैं कि कुणाल सिर्फ एक कलीग नहीं बल्कि उनके सबसे करीबी दोस्त भी हैं। रणवीर बरार ने भी एक मजेदार अंदाज में एक पोस्ट शेयर कर शो के नए सीजन का ऐलान किया। रणवीर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें विकास , रणवीर बरार और कुणाल कपूर मजेदार अंदाज में "धुरंधर' के मोस्ट पॉपुलर सॉन्ग 'एफए9एलए' में डांस करते नजर आ रहे हैं।

लाइफ Style

# शुभांगी



## 'तन्वी द ग्रेट' के लिए मिला ऑस्ट्रेलिया में पुरस्कार

अभिनेत्री शुभांगी दत्त ने अनुपम खेर की फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' के लिए इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीता है। अनुपम खेर की प्रेरणादायक और पसंद की जाने वाली फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को एक और बड़ी खुशी मिली है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस फिल्म की मुख्य शुभांगी दत्त ने इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ़ ऑस्ट्रेलिया में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार अपने नाम किया है। शुभांगी दत्त के साथ इस फिल्म में अनुपम खेर, बोमन ईरानी, पल्लवी जोशी, अरविंद स्वामी, नास्सर, इयान ग्लेन और करण टक्कर जैसे बेहतरीन कलाकार भी हैं। अनुपम खेर ने कहा कि शुभांगी इस अवॉर्ड की पूरी तरह हकदार हैं। उन्होंने तन्वी को बेहद ईमानदारी से निभाया। 'तन्वी द ग्रेट' दिल से बनी फिल्म है और इसे विदेशों में सराहना मिलना हमारे लिए बहुत खुशी की बात है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म और भी जगहों तक पहुंचे। अवॉर्ड पर भावुक होकर शुभांगी दत्त ने कहा कि यह अवॉर्ड मेरे लिए बहुत खास है। तन्वी का किरदार निभाने के लिए सच्चाई, हिम्मत, मेहनत और दिल की मजबूती चाहिए थी, और मुझे खुशी है कि दुनिया के लोगों ने इस फिल्म को अपना प्यार दिया। मैं अनुपम सर की आभारी हूँ जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया और मुझे इतना खूबसूरत रोल दिया। यह सम्मान हमारी पूरी टीम का है। 'तन्वी द ग्रेट' को बेस्ट स्क्रीनप्ले का अवॉर्ड भी मिला है, जो लेखकों अनुपम खेर, अभिषेक दीक्षित और अंकुर सुमन को मिला।

हॉलीवुड मसाला



## अवतारः फायर... की शानदार शुरुआत

**मुंबई।** जेम्स कैमरून की 'अवतारः फायर एंड एश' 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हो रही है। 'अवतार' और 'अवतारः द वे ऑफ वॉटर' की जबरदस्त सफलता के बाद यह तीसरी किस्त है, जिससे निर्माताओं की बहुत उम्मीदें जुड़ी हैं। भारत में फिल्म के लिए एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और ताजा कमाई के आंकड़े आ गए हैं। हालांकि, एक मामले में फिल्म, दूसरी किस्त के मुकाबले सुस्त नजर आ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'अवतारः फायर एंड एश' ने भारत में अब तक 50,000 से ज्यादा टिकट बेच दिए हैं।



## बुरे लोगों से दुनिया बचाने निकली 'सुपरगर्ल', धमाकेदार टीजर जारी

**मुंबई।** डीसी यूनिवर्स ने 'सुपरमैन' सीरीज की अगली फिल्म 'सुपरगर्ल' का धमाकेदार टीजर जारी कर दिया है। मुख्य किरदार मिली एल्कॉक निभा रही हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से पहले भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। मिली एक सुपरगर्ल के किरदार में हैं, जिसका मिशन बुरे लोगों से दुनिया को बचाना है, और इसमें उसका साथ एक अनजान लड़की देती है। टीजर पर लोगों ने प्रतिक्रिया दी है। वहीं कुछ को टीजर देखकर फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' याद आ गई है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 'सुपरगर्ल' के टीजर ने सोशल मीडिया पर आते ही तहलका मचा दिया है। प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आखिरकार सुपरगर्ल को सही तरीके से पेश किया गया है!' दूसरे ने लिखा, 'मुझे यह बहुत पसंद आया!!' एक अन्य ने लिखा, 'यह मार्वल की गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी की याद दिलाती है, लेकिन ज्यादा महिला बॉस के साथ।' 'सुपरगर्ल' का निर्देशन क्रेग गिलेस्पी ने किया है।



## बॉयफ्रेंड संग निकलीं सैर-सपाटे पर...


**मुंबई।** टीवी शो 'कितनी मोहब्बत हैं' की अभिनेत्री कृतिका कामरा इस वक्त खूब चर्चा में हैं। 12 दिसंबर को उनकी फिल्म 'द ग्रेट शम्सुद्दीन फैमिली' जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हुई है, जिसे लोगों ने ठीक-ठाक बताया है। दूसरी ओर, अभिनेत्री अपने बॉयफ्रेंड गौरव कपूर के साथ सैर-सपाटा का आनंद उठा रही हैं। कृतिका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर गौरव संग अपने रिश्ते की पुष्टि की है। वीडियो में दोनों को साथ देखकर उनके प्रशंसक भी काफी खुश हैं। कृतिका और गौरव ने रिश्ता आधिकारिक करने के बाद, पहली बार सार्वजनिक तौर पर उपस्थिति दर्ज कराई है। वीडियो में दोनों का लुक काफी कैजुअल नजर आ रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लगे हैं। कृतिका और गौरव को साथ में देखकर प्रशंसक भी वीडियो पर दिल वाली इमोजी भेज रहे हैं।




## पापियों की दिशा-दशा बदलने आए वरुण

**मुंबई।** जी स्टूडियो के बैनर तले निर्मित आगामी फिल्म 'राहु केतु' के नए पोस्टरों ने लोगों को उत्साहित कर दिया है। फिल्म में पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा मुख्य किरदार में हैं। उनके साथ शालिनी पांडे नजर आएंगी। टीजर से फिल्म की कहानी का अंदाजा लग गया था, लेकिन अब पुलकित और वरुण के किरदारों का नए अंदाज में पेश किया गया है। निर्माताओं ने पोस्टर के जरिए बताया कि 'राहु केतु' पापियों की दिशा और दशा बदलने आ रहे हैं। इस आगामी कॉमेडी फिल्म में, वरुण राहु का किरदार निभा रहे हैं। उनका पोस्टर जारी करते हुए निर्माताओं ने लिखा, 'आ गए हैं राहु, जो तोड़ेंगे सबके पापों का घड़ा!' पुलकित केतु के किरदार में हैं, जिनके पोस्टर के साथ कैप्शन दिया गया, 'ये हैं केतु, जिनके आने से बदलेगी पापियो की दशा और दिशा!'

टीवी मसाला



## शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज

**मुंबई।** स्टार प्लस के शो शहजादी है तू दिल की का नया प्रोमो रिलीज हो गया है। स्टार प्लस हमेशा से ही दर्शकों के लिए अलग और याद रहने वाली कहानियां लाने के अपने वादे पर कायम रहा है। टेलीविजन के कुछ सबसे आइकॉनिक और ट्रेंड सेट करने वाले शो देने वाला यह नंबर-वन चैनल अब एक बार फिर एक दमदार कहानी लेकर लौटा है, अपने नए ड्रामा 'शहज़ादी है तू दिल की' के रूप में। यह शो, जिसका हाल ही में प्रीमियर हुआ है, अपनी दिलचस्प कहानी और गहरी भावनाओं के कारण दर्शकों को शुरू से ही बांधने में सफल रहा है। मौजूदा ट्रैक में हम देखते हैं कि दीपा, अपने पति की तलाश में हैदराबाद पहुँचती है, लेकिन वहां उसे एक ऐसा सच पता चलता है जो उसकी पूरी ज़िंदगी हिला देता है।

दरअसल उसका पति उसे शुरू से ही झूठ बोलता आ रहा था। दीपा की यह यात्रा एक बड़े सवाल को सामने लाती है कि इतने बड़े धोखे के बाद क्या वह फिर कभी किसी पुरुष पर भरोसा कर पाएगी? शो के नए प्रोमो में कहानी भावनात्मक मोड़ लेती है। हम देखते हैं कि दीपा अपने बच्चे के पिता की तलाश में बेचैन होकर इधर-उधर भटक रही है। वह अपनी ज़िंदगी और अपने भविष्य को लेकर एक साफ़ जवाब चाहती है। लेकिन इसी तलाश में उसे एक ऐसा सच मिलता है जो उसका दिल तोड़ देता है, उसका पति, भानु, दूसरी शादी कर चुका है। जब दीपा उसका सामना करती है, तो भानु मान लेता है कि उसने यह कदम अपनी माँ के दबाव में उठाया था। यह सच सुनकर दीपा पूरी तरह टूट जाती है। दर्द और सदमे के बीच वह फैसला करती है कि अब उसे खुद को इन टूटे हालात से बाहर निकालना होगा और नई ज़िंदगी खड़ी करनी होगी। ठीक उसी समय, जब वह हिम्मत जुटाकर आगे बढने की कोशिश करती है, किस्मत उसे कार्तिक के सामने ला खड़ा करती है। यहीं से उसकी कहानी एक नए और बेहद ताक़तवर मोड़ की ओर बढ़ती है।

## अभय वर्मा की फिल्म 'छूमंतर' से बाहर हुईं अनन्या पांडे...



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे कामकाजी जिंदगी को लेकर खूब चर्चा में हैं। एक तरफ वह आगामी फिल्म 'तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इसमें उनके साथ अभिनेता कार्तिक आर्यन मुख्य किरदार में नजर आएंगे। दूसरी तरफ अभिनेत्री अमेजन प्राइम वीडियो की वेब सीरीज 'कॉल मी बे' के दूसरे सीजन की तैयारी में जुटी हैं। हालांकि, नई जानकारी प्रशंसकों का दिल तोड़ देगी क्योंकि आगामी फिल्म 'छूमंतर' से अनन्या बाहर हो गई हैं।

***'छूमंतर' छोड़ने की वजह काफी बड़ी :*** मीडिया से बातचीत में एक सूत्र ने अनन्या द्वारा अभय वर्मा अभनीत 'छूमंतर' छोड़ने की वजह बताई है। सूत्र ने कहा, फिल्म की टीम जनवरी, 2026 में शूटिंग शुरू करने की योजना बना रही है। यह 'कॉल मी बे 2' की शूटिंग से टकरा रहा है, जिसकी शूटिंग हाल ही में शुरू हुई है। इसलिए अनन्या और 'छूमंतर' के निर्माताओं ने जल्द ही साथ काम करने के वादे के साथ अलग होने का फैसला किया है।"

***इन अभिनेत्रियों के नाम पर चर्चा :*** सूत्र ने कहा, पिछले हफ्ते 3 कलाकारों संग एक मॉक शूट हुआ था। इस फैंटेसी रोमांटिक ड्रामा की तैयारी कई महीनों से चल रही है और अगले हफ्ते से वर्कशॉप शुरू होने की संभावना है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'छूमंतर' से अनन्या की विदाई के बाद कास्ट में कथित बदलाव हुए हैं। 'वश' अभिनेत्री जानकी बोडीवाला और श्रीलीला, अभय के साथ 'छूमंतर' का हिस्सा बन सकती हैं। इस बीच, अनन्या की फिल्म ''तू मेरी मैं तेरा...'' 25 दिसंबर को रिलीज होगी।

## रजनीकांत को इन फिल्मों ने बनाया सिनेमा का सुपरस्टार

**मुंबई।** सिनेमा के दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्मों का हर किसी को बेसब्री से इंतजार रहता है। फिल्मी पर्दे पर जबरदस्त एक्शन करना और बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ना इस बात का सबसे बड़ा सबूत है। 'थलाइवा' नाम से मशहूर रजनीकांत 74 साल के हो गए हैं, लेकिन अपने हर स्टाइल से वह युवा अभिनेताओं को कड़ी टक्कर देते हैं। आइए उनकी उन फिल्मों के बारे में जानें, जिन्होंने उन्हें सिनेमा के सुपरस्टार का खिताब दिलाया है।

**'रोबोट' फ्रैंचाइजी:** रजनीकांत की सांइस-फिक्शन फिल्म 'रोबोट' साल 2010 में रिलीज हुई थी। ऐश्वर्या राय मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आईं। फिल्म को दुनियाभर से बेशुमार प्यार हासिल हुआ था। निर्माता 2018 में इसकी दूसरी किस्त '2.0' लेकर आए जिसमें अभिनेता अक्षय कुमार अहम किरदार में थे। इस फिल्म ने दुनियाभर में 675



करोड़ रुपये की शानदार कमाई कर डाली। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद '2.0' की कहानी रोबोट चिट्टी और मनुष्य पक्षी के बीच प्रकृति बनाम तकनीक पर आधारित है।

**'जेलर' और 'कबाली' :** वर्ष 2023 में रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' रिलीज हुई जिसने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। इसने दुनियाभर में 605 करोड़ का कारोबार किया था। अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यह फिल्म मुथुवेल पांडियन नाम के एक रिटायर्ड जेलर के इर्द-गिर्द घूमती है। रजनीकांत की फिल्म 'कबाली' भी कमाई में पीछे नहीं रही। जियो हॉटस्टार पर मौजूद इस फिल्म ने दुनियाभर में 295 करोड़ का कारोबार किया था। फिल्म की कहानी मजदूरों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ बुनी गई है।

**'दरबार' और 'कुली':** रजनीकांत की फिल्म 'दरबार' ने दुनियाभर में 226 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। प्राइम वीडियो पर मौजूद इस फिल्म की कहानी मुंबई पुलिस और कुख्यात ड्रग तस्कर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म ने अभिनेता ने पुलिस कमिश्नर आदित्य का किरदार निभाया है। 2025 में रजनीकांत की फिल्म 'कुली' रिलीज हुई, जिसने 516.93 करोड़ रुपये का बंपर कलेक्शन किया। इस फिल्म की कहानी कुली यूनियन नेता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने दोस्त की हत्या का बदला लेना चाहता है।

### 'छावा' 150 करोड़ में बनी, इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए

## 'धुरंधर' से पहले इन फिल्मों ने 2025 में की खूब कमाई, दुनियाभर में बजा डंका

*मुंबई। अभिनेता रणवीर सिंह की हालिया रिलीज फिल्म 'धुरंधर' बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रही है। फिल्म ने सिर्फ 6 दिनों में 180 करोड़ से ज्यादा कारोबार कर लिया है, जबकि दुनियाभर में आंकड़ा 274 करोड़ के पार हो गया है। 2025 के जाने से पहले बॉक्स ऑफिस को एक और जश्न मनाने का मौका मिल गया है। 'धुरंधर' से पहले 2025 में कई फिल्में आईं जिन्होंने न सिर्फ बजट वसूला, बल्कि अपनी कमाई से दुनियाभर में तहलका भी मचाया।*

### 'कांतारा 2' और 'छावा'





आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक, पहला नाम सुपरस्टार ऋषभ शेट्टी का है, जिनकी 'कांताराः चैप्टर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। इस फिल्म का बजट 130 करोड़ था, और इसने दुनियाभर में 853.4 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है। हिंदी फिल्मों में यह रिकॉर्ड विक्की कौशल के नाम रहा। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने इस साल की शुरुआत में धूम मचा दी। 150 करोड़ में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में 808.7 करोड़ कमाए हैं।

### 'सैयारा' और 'कुली'

मोहित सूरी की फिल्म 'सैयारा' ने 2025 में लोगों की खूब वाहवाही लूटी। अहान पांडे और अनीत पड्डा अभिनीत फिल्म ने दुनियाभर से 575.8 करोड़ रुपये बटोरे। फिल्म का बजट सिर्फ 50 करोड़ रुपये है। दूसरी तरफ, बॉक्स ऑफिस पर सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'कुली' का बोलबाला रहा। इस फिल्म को बनाने में निर्माताओं ने 350 करोड़ खर्च किए। रिलीज के बाद 'कुली' ने दुनियाभर में 516.7 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया। इस फिल्म में आमिर खान का कैमियो है।





### महावतार नरसिम्हा' और 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा'

2025 में उम्मीदों से परे जाकर एनिमेटेड फिल्म 'महावतार नरसिम्हा' ने हर किसी की तारीफ बटोरी। अश्विन कुमार द्वारा निर्देशित इस फिल्म को सिर्फ 40 करोड़ के बजट में बनाया गया, लेकिन दुनियाभर में 326.1 करोड़ कमाते हुए इसने निर्माताओं को मालामाल कर दिया। इसके अलावा, 'लोकाः चैप्टर 1- चंद्रा' भी दर्शकों द्वारा खूब पसंद की गई। दुलकर सलमान द्वारा निर्मित 40 करोड़ बजट वाली इस फिल्म ने दुनियाभर से 302.1 करोड़ रुपये का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों के मुद्दों पर हुई चर्चा



**सोनहत।** विकासखंड के आनंदपुर नर्सरी में 14 दिसंबर को फेडरेशन कोरिया के तत्वावधान में कर्मचारी मिलन एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। बैठक में कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर तीन दिवसीय कलमबंद आंदोलन चलाने की रणनीति भी तय की गई। संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ भविष्य की कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक संचालक जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे। वहीं उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, कर्मचारी-अधिकारी विश्वास भगत, जिला अध्यक्ष केसरी पैकरा, संयोजक आरएस चंदे, पेंशनर संघ के शंकर सुमन मिश्रा, प्रेमचंद्र गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष अजय पांडे, तहसील फेडरेशन के लेश मारिक सहित ब्लॉक व जिला स्तर के काफी संख्या में पदाधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी के सानिध्य में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया।

### मनरेगा से स्थायी आजीविका को मिला नया आधार

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में ग्रामीण विकास को नई दिशा देते हुए जिला प्रशासन द्वारा रोजगार के साथ-साथ स्थायी आजीविका सृजन पर विशेष फोकस किया जा रहा है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों को न केवल तात्कालिक रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है, बल्कि उन्हें दीर्घकालिक आय के साधनों से जोड़ने के ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। यही कारण है कि वर्तमान में जिले में बड़े पैमाने पर रोजगारमूलक एवं आजीविका आधारित कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। दिसंबर माह में मनरेगा अंतर्गत रोजगार सृजन को गति देने के लिए जिले की तीनों जनपद पंचायतों में महत्वपूर्ण वित्तीय स्वीकृतियां जारी की गई हैं। जनपद पंचायत खड़गवां को 3 करोड़ रूपए, मनेन्द्रगढ़ को 3.26 करोड़ रूपए तथा भरतपुर को 6.95 करोड़ रूपए के नए रोजगारमूलक कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों से हजारों मनरेगा जॉब कार्डधारी परिवारों को स्थानीय स्तर पर रोजगार प्राप्त होगा। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप जिले में आजीविका डबरी निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है।

### विधायक के प्रयासों से 42 किमी सड़क व 23 ग्रामीण मार्गों की मिली स्वीकृति

**प्रतापपुर।** क्षेत्र में लंबे समय से प्रतीक्षित सड़क विकास कार्यों को बल मिला है। विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते के प्रयासों से प्रतापपुर चौक से लगभग 42 किमी लम्बी सड़क के चौड़ीकरण के लिए 24.58 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा प्रतापपुर ब्लॉक के विभिन्न गांवों को जोड़ने वाली 23 ग्रामीण सड़कों की भी मंजूरी मिली है। नगर की 42 किमी लम्बी सड़क भारी वाहनों, आवागमन का मुख्य मार्ग है। अत्यधिक दबाव के कारण कई हिस्सों में सड़क टूट गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### आवारा कुत्तों के...

सकता। वहीं स्थानीय नागरिकों का दावा है कि बस स्टैंड का हिस्सा नगर पालिका शिवपुर-चरचा के वार्ड क्रमांक 1 में आता है। ऐसे में सीमा को लेकर भ्रम और जिम्मेदारी से बचने के आरोप लग रहे हैं। लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते इस क्षेत्र में आवारा कुत्तों का टीकाकरण नहीं कराया गया, तो किसी बड़ी दुर्घटना या गंभीर घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सीमा विवाद को दरकिनार कर जनहित में तत्काल कार्रवाई की जाए और बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन परिसर में भी टीकाकरण अभियान चलाया जाए, ताकि आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस कर सके।

## अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली से किसान परेशान

# जिले के अधिकांश धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था

*प्रति बोरी वसूल से रहे 10 से 15 रूपए धान खरीदी केंद्र सूरजपुर में किसानों से अवैध उगाही की जा रही*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले के धान खरीदी केन्द्रों में भारी अव्यवस्था से किसान काफी परेशान है। धान उपार्जन केन्द्र में किसान अपनी उपज बेचने बड़ी संख्या में पहुंच रहे है लेकिन किसान अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली से परेशान है। सूरजपुर के अलावा जिले के रामानुजनगर, प्रतापपुर धान खरीदी केन्द्र में एक जैसी स्थिति निर्मित है।

धान खरीदी केंद्र सूरजपुर में किसानों से अवैध उगाही की जा रही है। इधर किसान मजबूरी में राशि देने को मजबूर है। धान खरीदी केंद्र में प्रभारी मोहन राजवाड़े नदारद रहते है, जिससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में किसानों से प्रति बोरा दस रुपए लिया जा रहा है जबकि यह पैसा समिति के खाते में हमाली के नाम से 34.77 पैसा शासन द्वारा जा रहा है बावजूद इसके धान खरीदी प्रभारी द्वारा जबरन किसानों से वसूली किया जा रहा है। साथ ही धान में नमी के नाम पर 41 किलो 300 ग्राम धान लिया जा रहा है। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केंद्र में असामाजिक तत्वों का डेरा बन गया है। धान खरीदी केंद्र में असामाजिक तत्वों ने अपना डेरा बना लिया है और आए दिन मारपीट की घटनाएं होती रहती है।



सूरजपुर धान खरीदी केन्द्र।

### निर्देश के बावजूद नहीं हुआ सुधार

धान खरीदी केंद्र में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रखकर अधिकारियों ने बैठक में कड़े निर्देश दिए है। हैरानी की बात तो यह है कि धान खरीदी को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक होती रहती है लेकिन बैठक का असर खरीदी केन्द्रों में देखने को नहीं मिलता और किसान भारी अव्यवस्था के बीच अपनी उपज बेचने को मजबूर है।

### जांच करवाती हूं

किसानों से अवैध वसूली की जा रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। मामले की जांच करवाती हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

-शिवानी जायसवाल
एसडीएम सूरजपुर

## समिति प्रबंधकों और धान खरीदी प्रभारियों की मनमानी चरम पर



**प्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के अंतर्गत संचालित धान खरीदी केंद्रों में किसानों से खुलेआम अवैध वसूली का मामला तूल पकड़ चुका है। प्रतापपुर, दवनकरा, जगरनाथपुर, चंदौरा, रेवटी, टुकूडांड़, कोटेया व गोविंदपुर सहित कई केंद्रों में समिति प्रबंधक और धान खरीदी प्रभारी हमाली, तौलाई एवं छल्ली के नाम पर प्रति बोरा 15 से 20 तक वसूली रहे हैं। किसानों का आरोप है कि उनसे 500 ग्राम से 1 किलो तक अतिरिक्त धान भी जबरन लिया जा रहा है।

किसानों ने बताया कि पूरा प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद पर्ची काटने के नाम पर 500 से 1000 तक की अवैध वसूली जारी है। किसानों ने बताया कि सुबह से शाम तक खरीदी केंद्रों में घंटों लाइन में लगने के बाद भी उन्हें मनमाने नियम बताकर परेशान किया जाता है। समिति प्रबंधक और प्रभारी की खुली मनमानी के कारण किसानों में आक्रोश व्याप्त है। कई केंद्रों में सैकड़ों किसान प्रतिदिन वसूली के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं, बावजूद इसके किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। किसानों का कहना है कि इस तरह की अवैध वसूली और धान की बंदरबांट किसानों के हितों पर कुठाराघात है। कई समिति प्रबंधक भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित हो चुके हैं, लेकिन अधिकारियों की मेहरबानी और लेनदेन के चलते वे फिर से सक्रिय होकर वसूली कर रहे हैं। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्यमंत्री और कलेक्टर को ज्ञापन देकर उग्र आंदोलन करेंगे।

### की जाएगी बर्खास्त की कार्रवाई

धान खरीदी केंद्र में किसी भी प्रकार की अवैध वसूली अपराध की श्रेणी में आती है। मामले की तत्काल जांच कर दोषी समिति प्रबंधकों को बर्खास्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

-एस जयवर्धन, कलेक्टर
सूरजपुर

## धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं की किसानों की बढ़ी परेशानी

रामानुजनगर। धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी जारी है, लेकिन गणेशपुर एवं छिन्दिया के खरीदी केंद्रों में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। किसानों की भारी भीड़ के बीच सबसे बड़ी समस्या अतिरिक्त तौल और अवैध वसूली बन बन गया है जिससे किसान बेहद परेशान हैं। किसानों का कहना है कि धान खरीदी केन्द्र में भारी अव्यवस्था है। परिणामस्वरूप खरीदी की रफ्तार बहुत धीमी हो गई है और यदि स्थिति ऐसी ही बनी रही तो आने वाले दिनों में कई समितियों में खरीदी ठप होने की आशंका है। टोकन के अभाव ने किसानों की परेशानी और बढ़ा दी है। टोकन तू हर ऐप से ऑनलाइन टोकन उपलब्ध नहीं है और ऑफलाइन टोकन भी जारी नहीं किए जा रहे। ऐसे में कई



किसान कई दिनों से केंद्रों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा। किसानों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से लगातार प्रयास के बावजूद उन्हें कोई टोकन नहीं मिला। किसानों का आरोप है कि नियम से अधिक तौल, किसानों से अतिरिक्त धान लिया जा रहा।

### नहीं मिली है शिकायत

रामानुजनगर तहसीलदार मनहरन सिंह राठिया एवं खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नीलम ने बताया कि "हमारे पास अब तक इस संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। यदि किसानों की कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित समिति के अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## साइबर अपराधों को लेकर जागरुक रहें लोग

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



साइबर अपराधों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने तथा सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करने एवं साइबर अपराधों से बचाव व जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर संवाद कार्यक्रम का आयोजन जिला सायबर सेल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन पुलिस महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक ने साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने, सोशल मीडिया के दुरूपयोग एवं डिजिटल लेन-देन में सावधानी बरतने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करें अथवा डब्लूडब्लूडब्लू डॉट साईबर क्राईम डॉट गर्वमेंट डॉट इन पोर्टल पर रिपोर्ट करें। उन्होंने युवाओं, छात्रों एवं वरिष्ठ नागरिकों से विशेष रूप से जागरूक रहने का आग्रह किया। उनके द्वारा बताया गया कि पुलिस कभी भी किसी को डिजिटली गिरफ्तार कभी नहीं करती है, डिजिटल अरेस्ट के बहकावे में न आने व तत्काल पुलिस को सूचित करने बताया गया। साइबर संवाद कार्यक्रम में काफी संख्या में आम नागरिक व महाविद्यालय के छात्र सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, पुलिस अधीक्षक उप राजेश साहू, साइबर सेल प्रभारी विनोद पासवान, साइबर सेल की पूरी टीम कर्मचारीगण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। साइबर संवाद कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सुरक्षित और जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अंत में साइबर सेल द्वारा गुम मोबाइलों को अन्य जिलों एवं राज्यों से प्राप्त कर पुलिस महानिरीक्षक के हाथों से वितरण किया गया।

## एमएलए कोचिंग सेंटर में किया गया युवा सम्मेलन

**सीतापुर।** नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देते हुए आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करने भाजयुमो द्वारा एमएलए कोचिंग सेंटर में विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का सपना है कि हमारा देश आत्मनिर्भर बने। प्रधानमंत्री का यह सपना तभी पूरा होगा जब देश का प्रतिभाशाली युवा पूरे सामर्थ्य के साथ कौशल विकास में अपना सहयोग देगा। हमारा देश युवाओं का देश है और हमारे देश मे युवाओं की आबादी 27 प्रतिशत से ज्यादा है।उन्होंने आत्मनिर्भर भारत पर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि इससे देश मे रोजगार सृजन कौशल विकास को प्रोत्साहित करने स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। इस सम्मेलन को अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित करते हुए आत्मनिर्भर भारत पर अपना पक्ष रखा।

## नवोदय विद्यालय के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

एमसीबी जिले में पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा रविवार को उत्साहपूर्ण, शांतिपूर्ण एवं अनुशासित वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ठंड के मौसम की परवाह किए बिना ग्रामीण एवं शहरी अंचल से काफी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को परीक्षा केन्द्रों तक लेकर पहुंचे, जिससे परीक्षा को लेकर बढ़ती जागरूकता और रुचि स्पष्ट रूप से देखने को मिली।

परीक्षा आयोजन के लिए जिले में कुल 11 केन्द्र स्थापित किए गए थे। इनमें भरतपुर विकासखंड में 4, खड़गवां विकासखंड में 4 तथा मनेन्द्रगढ़ विकासखंड में 3 परीक्षा केन्द्र शामिल रहे। सभी केन्द्रों पर प्रशासन एवं शिक्षा विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा के दौरान सुरक्षा,



अनुशासन तथा समय-प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया गया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। इस वर्ष नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा के लिए जिले से कुल 3570 छात्र-छात्राओं ने पंजीयन कराया था। इनमें से 2877 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिसमें लगभग 81 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। चयन परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थी पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय केनापारा बैकुंठपुर में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रहे थे। परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित अभिभावकों ने नवोदय विद्यालय की गुणवत्ता पूर्ण आवासीय शिक्षा प्रणाली की सराहना करते हुए बताया कि सीमित संसाधनों वाले ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह विद्यालय उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। इसी क्रम में कई अभिभावकों द्वारा मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शीघ्र ही पृथक जवाहर नवोदय विद्यालय की स्थापना किए जाने की मांग भी की गई, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को अपने ही जिले में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्राप्त हो सके। कुल मिलाकर जिले में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का आयोजन सफल, सुव्यवस्थित और उत्साहवर्धक रहा, जो भविष्य में शिक्षा के प्रति बढ़ती जागरूकता का सकारात्मक संकेत है।

## कलेक्टर ने पीछा कर पकड़ा 2 पिकअप समेत अवैध धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले में अवैध धान खपाने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। इस बीच कलेक्टर ने स्वयं तीन किमी तक वाहन का पीछा कर अवैध धान पकड़ा है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी चेकपोस्ट में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रखने और वाहनों को जांच के बाद ही प्रवेश देने के निर्देश दिए है।

बता दें कि जिले में धान खरीदी शुरू होने के पहले से ही तस्कर और कोचिए सक्रिय हो गए थे। तस्करों द्वारा दीगर राज्यों से धान लाकर उसे समितियों में खपाने के उद्देश्य से भंडारण किया जा रहा था। अवैध धान को समितियों में खपाने से रोकने के



लिए कलेक्टर बलरामपुर द्वारा टीम का गठन किया गया है जो लगातार जिलेभर में कार्रवाई कर रही है। बलरामपुर जिले में अब तक 11 हजार 298 क्विंटल से अधिक धान जब्त किया गया है जबकि 42 से अधिक छोटे-बड़े वाहनों को जब्त किया गया है। शुक्रवार को भी कलेक्टर राजेन्द्र कटारा रामचंद्रपुर विकासखंड में धान खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने रामचंद्रपुर के अंतर्गत अंतरराज्यीय सीमा तालकेश्वरपुर के घने जंगल में तीन किमी तक पीछा कर दो वाहनों को पकड़ा।

## डीजल चोर गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** डीजल चोरी के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 10 नवम्बर को ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएस 4038 से चालक सीमेंट लोड़कर अंबिकापुर आया था और ट्रक खाली नहीं हो पाने के कारण रिंग रोड किनारे पार्क कर सो गे था।

देर रात 3 बजे डीजल टंकी की तरफ से आवाज आई तो चालक नीचे उतकर देखा जहां तीन से चार नकाबपोश डीजल चोरी कर रहे थे। जब चालक ने मना किया तो चाकू, गुप्ती से मारपीट करने लगे। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309(4), 309(6), 312 के तहत अपराध दर्ज कर





मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी हीरालाल लोनी, रोहित लोनी, ध्रुव लोनी, बसंत लोनी की पहचान की जाकर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु कोतवाली एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम बनायी गई। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद गाड़ी अंबिकापुर से बिलासपुर की ओर जा रही है। ऐसे में पुलिस ने वाहन का पीछाकर रतनपुर के पास उन्हें पकड़ा। कार सवार रितेश तिवारी ही पुलिस ने हाथ लगा जबकि अन्य भाग निकले। पुलिस ने एमपी शहडोल के ग्राम रस्मोहनी निवासी 28 वर्षीय रितेश तिवारी आ. बद्रीनाथ तिवारी को गिरफ्तार करने के साथ ही बलेनो कार क्रमांक एमपी 65 जेडबी 3139 व 200 लीटर डीजल, पाइप जब्त किया गया है। इस कार्रवाई में थाना कोतवाली से एएसआई अदीप सिंह, नितिन सिन्हा, अमित विश्वकर्मा, साइबर सेल अंबिकापुर से प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, जीतेश , रमन , बृजेश राय सक्रिय रहे।

## अब कोर्ट ने दी आजीवन कारावास की सजा

# पति ने पत्नी के सामने किया दुष्कर्म, दोनों ने मिलकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नाबालिग से दुष्कर्म करने और पत्नी के साथ मिलकर हत्या करने के मामले में न्यायालय ने अपना फैसला सुनाया है। तीन वर्ष पूर्व हुई इस घटना के मामले में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट ने आरोपी दम्पति को शेष प्राकृतिक काल तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 22 मई 2022 को शहर के बिलासपुर रोड लक्ष्मी गैरेज के पास खेत में एक किशोरी की नग्न अवस्था में लाश मिली थी। मृतिका के शरीर चोट के गहरे निशान थे और रक्तस्त्राव



हुआ था। इसके साथ ही उसके गले को दुपट्टे से घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई थी। इस मामले में पुलिस द्वारा मृतिका की पहचान की गई थी। 16 वर्षीया मृतिका घटना से 15 दिन पहले ही मजदूरी करने के नाम पर अंबिकापुर आई थी और रेशम लाल राठिया और उसकी पत्नी सीमा राठिया के साथ उन्हें अंतिम बार देखा गया था। ऐसे में पुलिस ने रायगढ़ धर्मजयगढ़ के बरपाली धौराभाठा निवासी 22 वर्षीय रेशम लाल राठिया उर्फ सोनू आ. आनंद राम राठिया और उसकी पत्नी 20 वर्षीया सीमा राठिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। घटना दिवस को रात में आरोपियों ने मिलकर नाबालिग को शराब पिलाई जिसके बाद आरोपी रेशम राठिया ने पत्नी की मौजूदगी में नाबालिग से दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों ने मिलकर नाबालिग के साथ मारपीट की और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट पोक्सो एक्ट कमलेश जगदल्ला के कोर्ट में सुनवाई हुई।

इस दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक विद्याभूषन श्रीवास्तव ने पैरवी की। सुनवाई के बाद न्यायाधीश कमलेश जगदल्ला ने आरोपियों को दोषी करार देते हुए भादवि की धारा 376 (1), 376(क), 302, पोक्सो एक्ट 2012 की विभिन्न धराओं के तहत आजीवन कारावास शेष प्राकृतिक कल तक की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने मृतक के परिजन को क्षतिपूर्ति राशि की अनुशंसा की है।

